प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 23.04.2024

थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 शातिर चोर अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 22.04.2024 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 शातिर चोर अभियुक्त शादाब पुत्र मेहरदीन निवासी शीशे वाली मस्जिद के पास डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गाजियाबाद को नसबन्दी तिराहे के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।
पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैंने यह मोटरसाइकिल लाल बाग सब्जी मण्डी के पास से चुराई थी, जिसे मैंने अभी तक छुपा कर रखा हुआ था। आज मैं इस मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में निकला था, पुलिस ने चेकिंग में मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता –
शादाब पुत्र मेहरदीन निवासी शीशे वाली मस्जिद के पास डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गाजियाबाद उम्र 26 वर्ष

बरामदगी का विवरण
चोरी की एक मोटरसाइकिल अपाचे न0- DL5SAR3960 रंग सिलैटी

अपराधिक इतिहास
अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से थाना अंकुर विहार पर चोरी का 01 अभियोग पंजीकृत है तथा थाना लोनी पर 02 अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम
थाना अंकुर विहार पुलिस टीम